# हर स्वास में मुझे तेरा नाम चाहिए | By Kewal Krisha

राधा राधा श्री राधा, राधा राधा राधा
राधा राधा श्री राधा, राधा राधा राधा

गाये राधा राधा वही स्वांस साकार है
बिन राधा नाम एक स्वांस बेकार है
ऐसी मेरी दशा करो श्री राधे ऐसी मेरी दशा करो
हर स्वांस में मुझे लाड़ली तेरा नाम चाहिए
तेरा नाम चाहिए, तेरा नाम चाहिए

भानु की दुलारी मोहे जग नाही भाये
ऐसो वर दीजो तेरा नाम ही सुहाए
ऐसी मेरी दशा करो श्री राधे ऐसी मेरी दशा करो
कुछ और ना मांगू लाड़ली तेरा धाम चाहिए
तेरा धाम चाहिए, तेरा दजा, चाहिए

तेरा बन जाऊं ऐसी प्रीत मेरी जोड़ना
फिर भी जो भूलू मुझे कहीं का ना छोड़ना
ऐसी मेरी दशा करो श्री राधे, ऐसी मेरी दशा करो
तेरे चरणों में मुझे लाड़ली विश्राम चाहिए
विश्राम चाहिए, विश्राम चाहिए

भटके जो मन मेरा करें मनमानियां
देना सजा में मुझे सभी परेशानिया
ऐसी मेरी दशा करो श्री राधे ऐसी मेरी दशा करो
मन राधा राधा राधा रटना सुबह शाम चाहिए
सुबह शाम चाहिए , सुबह शाम चाहिए
हर स्वांस में मुझे ............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae/